हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, शनिवार 25 जुलाई 2026

11 श्रम मंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, 13 सूत्रीय मांगें...



12 कांग्रेस संगठन का किनारा, विरोध प्रदर्शन में भी कांग्रेस नेताओं के...



# ऑनलाइन शिक्षक स्थानांतरण ड्राइव-2026 के लिए डेटा सत्यापन का संभावित कार्यक्रम जारी

**1 से 30 अगस्त तक चलेगी पूरी प्रक्रिया, 31 जुलाई होगी मेरिट अंक व न्यूनतम सेवाकाल की कट-ऑफ तिथि**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

प्रदेश सरकार के विद्यालय शिक्षा विभाग ने वर्ष 2026 की ऑनलाइन शिक्षक स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डेटा सत्यापन एवं प्रमाणीकरण की संभावित समय-सारणी जारी कर दी है। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं।

जारी पत्र के अनुसार राज्य सरकार द्वारा शिक्षक स्थानांतरण नीति-2026 अधिसूचित किए जाने के बाद सक्षम प्राधिकारी ने स्थानांतरण प्रक्रिया से पूर्व शिक्षकों के सेवा अभिलेख, व्यक्तिगत विवरण, मेरिट अंक तथा सेवाकाल के सत्यापन की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की है। विभाग का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि स्थानांतरण प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, तथ्यात्मक एवं विवादमुक्त रहे।

## दावों व आपत्तियों पर 21 अगस्त तक जिला स्तर पर होगा विचार

दावों एवं आपत्तियों पर 15 से 21 अगस्त तक जिला स्तरीय समिति विचार करेगी तथा 22 अगस्त को जिला समिति के निर्णय प्रकाशित किए जाएंगे। इसके पश्चात यदि कोई शिक्षक जिला समिति के निर्णय से संतुष्ट नहीं होता है तो वह 23 से 25 अगस्त तक राज्य स्तरीय समिति के समक्ष दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत कर सकेगा। राज्य स्तरीय समिति 26 से 28 अगस्त तक इन मामलों का निस्तारण करेगी और अंततः 29 एवं 30 अगस्त 2026 को अंतिम स्कोर एवं सेवाकाल सहित सूची प्रकाशित की जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मेरिट अंक एवं न्यूनतम अनिवार्य सेवाकाल की गणना के लिए 31 जुलाई 2026 को अर्हक तिथि माना जाएगा। इसी तिथि के आधार पर स्थानांतरण नीति के प्रावधानों के अनुसार शिक्षकों के मेरिट अंक तथा निर्धारित सेवाकाल की गणना की जाएगी।

## 1 से 7 अगस्त तक एमआईएस पोर्टल पर करें अद्यतन व सत्यापन

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एक अगस्त से सात अगस्त 2026 तक सभी शिक्षक एमआईएस पोर्टल पर अपने व्यक्तिगत एवं सेवा संबंधी विवरण का अद्यतन एवं सत्यापन करेंगे। इसके बाद आठ एवं नौ अगस्त को सभी शिक्षकों के स्कोर तथा सेवाकाल का प्रकाशन किया जाएगा। यदि किसी शिक्षक को अपने अंक अथवा सेवा विवरण में कोई त्रुटि दिखाई देती है तो वह 10 से 14 अगस्त तक दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत कर सकेगा।

## गलत जानकारी देने पर होगी कार्यवाही

शिक्षा विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधिकार क्षेत्र के सभी प्रधानाचार्यों, मुख्याध्यापकों एवं शिक्षकों से निर्धारित समयावधि में एमआईएस पोर्टल पर डेटा का अद्यतन एवं सत्यापन सुनिश्चित करवाएं। विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि भविष्य में किसी शिक्षक के रिकॉर्ड में कोई तथ्यात्मक त्रुटि अथवा गलत जानकारी पाई जाती है तो संबंधित प्रधानाचार्य, मुख्याध्यापक अथवा शिक्षक के विरुद्ध शिक्षक स्थानांतरण नीति-2026 एवं प्रचलित सेवा नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही विभाग ने दंपत्ति के अंतर्गत अंक प्राप्त करने के लिए आवश्यक अंडरटेकिंग का प्रारूप भी पत्र के साथ संलग्न किया है, ताकि पात्र शिक्षक समय रहते आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर सकें। विद्यालय शिक्षा विभाग का मानना है कि निर्धारित समय-सारणी का कड़ाई से पालन किए जाने से ऑनलाइन स्थानांतरण प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष एवं विवादरहित बन सकेगी तथा सभी शिक्षकों को समान अवसर सुनिश्चित होगा।

## खबर संक्षेप



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

### हथियार सहित आरोपित गिरफ्तार

**नांगल चौधरी।** सीआईए नारनौल ने कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को अवैध देसी पिस्टल, मैगजीन व दो जिंदा कारतूस सहित देवनारायण चौक नांगल चौधरी के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने कार्रवाई के दौरान रमेश निवासी लुजौंता थाना नांगल चौधरी को काबू किया।

### बिजली सप्लाई बाधित रहेगी आज

**कनीना।** धनौन्दा पावर 400 केवी में 25 जुलाई की सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक रिपेयरिंग का कार्य होगा। इस संबंध में उपमंडल अधिकारी विकास यादव ने बताया कि पाथेरा और खेड़ी पॉवर हाउस से चलने वाले फीडर दो घंटे के लगभग बंद रहेंगे। जिसके कारण पाथेरा, अगिहार, कैमला, बुचावास खेड़ी और तलवाना गांवों की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

### बिजली बिल शिकायत निवारण 27 को

**नारनौल।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से 27 जुलाई को बिजली बिल संबंधित शिकायत के समाधान के लिए विशेष सुनवाई शिविर लगेगा। इस संबंध में कार्यकारी अभियंता रणबीर सिंह ने बताया कि यह शिविर बिजली बोर्ड के मंडल कार्यालय में सुबह 11:30 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगा, जिसमें शहरी व ग्रामीण उपभोक्ता अपनी बिजली बिल संबंधी समस्याएं दर्ज करवा सकेंगे।

**गर्भवती महिलाओं व मरीजों को अस्पताल पहुंचने से पहले ही मिलेगा जीवनरक्षक उपचार**

# हर सांस की हिफाजत के लिए बढ़ा एंबुलेंस रूपी 'सुरक्षा कवच'

**जिले में एंबुलेंसों की संख्या बढ़कर 31 हुई, 11 पुरानी गाड़ियां जल्द होंगी सेवा से बाहर, और एंबुलेंस की रखी मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

गर्भवती महिला (प्रसव पीरियड), सड़क हादसे में घायल व्यक्ति हो, अचानक हृदयाघात का शिकार मरीज, ब्रेन स्ट्रोक से जूझ रहा बुजुर्ग या फिर किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित रोगी, ऐसे हर मामले में शुरुआती कुछ मिनट सबसे अधिक महत्वपूर्ण माने जाते हैं। चिकित्सा विज्ञान इसे 'गोल्डन ऑवर' कहता है, क्योंकि इसी दौरान यदि मरीज को आवश्यक उपचार मिल जाए तो उसकी जान बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है।

इसी सोच के साथ आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक आधुनिक बनाने की दिशा में एडवांस लाइफ सपोर्ट (एएलएस) एंबुलेंसों का नया बेड़ा शामिल किया है। इस क्रम में नारनौल को पांच नई एएलएस एंबुलेंस मिली हैं, जिनके संचालन से जिले की आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि नई एंबुलेंसों के शामिल होने के बाद जिले में संचालित सरकारी एंबुलेंसों की संख्या 26 से बढ़कर 31 हो गई है। इससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में गंभीर मरीजों तक कम समय में पहुंचना और उन्हें उपचार के लिए सुरक्षित अस्पताल तक पहुंचाना पहले की अपेक्षा अधिक प्रभावी हो सकेगा। हालांकि इस राहत के साथ स्वास्थ्य विभाग के सामने भविष्य की एक चुनौती भी स्पष्ट दिखाई दे रही है। वर्तमान में संचालित करीब 11 एंबुलेंस अपनी निर्धारित सेवा अवधि पूरी करने के करीब हैं। ऐसे में आने वाले समय में इनकी जगह नए वाहनों की आवश्यकता भी महसूस की जाएगी।



नारनौल। नागरिक अस्पताल में खड़ी नई एंबुलेंस गाड़ियां। फोटो : हरिभूमि

### नई एएलएस एंबुलेंस क्यों हैं खास

एडवांस लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस सामान्य एंबुलेंस से कहीं अधिक आधुनिक होती हैं। इनमें मौजूद जीवनरक्षक उपकरण अस्पताल के आईसीयू जैसी प्रारंभिक सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं। गंभीर मरीजों की सांस, हृदय गति और अन्य महत्वपूर्ण संकेतों की लगातार निगरानी की जा सकती है। आवश्यकता पड़ने पर वेंटिलेटर सपोर्ट भी उपलब्ध कराया जाता है। यही कारण है कि विशेषज्ञ एएलएस एंबुलेंस को आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी मानते हैं। सड़क दुर्घटनाओं और गंभीर बीमारियों के मामलों में इन एंबुलेंसों की उपलब्धता उपचार की सफलता की संभावना को काफी हद तक बढ़ा देती है।

### भविष्य में एंबुलेंसों की संख्या और बढ़ाने की आवश्यकता

हालांकि नई एंबुलेंस मिलने के बावजूद जिले की जरूरत पूरी तरह समाप्त नहीं हुई है। वर्तमान में नागरिक अस्पताल के बेड़े में वर्ष 2018 और 2019 के दौरान मिली 13 बेसिक लाइफ सपोर्ट (बीएलएस) एंबुलेंस शामिल हैं। इनमें से अधिकांश अब काफी पुरानी हो चुकी हैं और उनकी उपयोग अवधि समाप्ति की ओर बढ़ रही है। विभाग ने इनके स्थान पर नई बीएलएस एंबुलेंस उपलब्ध कराने का प्रस्ताव भी सरकार को भेज रखा है। अधिकारियों का मानना है कि जिले की बढ़ती आबादी, राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगातार बढ़ रहे यातायात और आपातकालीन मामलों की संख्या को देखते हुए भविष्य में एंबुलेंसों की संख्या और बढ़ाने की आवश्यकता पड़ेगी।

### यह कहते हैं अधिकारी

एंबुलेंस कंट्रोल रूम के फ्लीट मैनेजर उमेश सैनी ने बताया कि जिले में पहले से 26 एंबुलेंस संचालित हो रही थीं। अब पांच नई एएलएस एंबुलेंस मिलने के बाद यह संख्या बढ़कर 31 हो गई है। इससे आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं पहले से अधिक मजबूत होंगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में संचालित करीब 11 एंबुलेंस अपनी एक्सपायरी अवधि के करीब पहुंच रही हैं। इसलिए भविष्य की जरूरतों को देखते हुए विभाग को और नई एंबुलेंसों की आवश्यकता बनी रहेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सरकार आने वाले समय में इस दिशा में भी सकारात्मक निर्णय लेगी।





महेंद्रगढ़। कैंडल मार्च निकालते हुए। फोटो : हरिभूमि

**छात्रों के समर्थन में उठाई आवाज**

# दिल्ली में छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के विरोध में निकाला कैंडल मार्च

- महेंद्रगढ़ में डॉक्टर संगठनों व्यापार मंडल और सिविल सोसायटी ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

दिल्ली में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुई कथित पुलिस कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार शाम महेंद्रगढ़ में विभिन्न सामाजिक एवं चिकित्सक संगठनों के संयुक्त तत्वाधान में शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च राव तुलाराम चौक से शुरू होकर परशुराम चौक तक निकाला गया, जिसमें डॉक्टरों, व्यापारियों, सामाजिककार्यकर्ताओं, युवाओं और शहर के गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर छात्रों के प्रति एकजुटता व्यक्त की।

कैंडल मार्च का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), नीमा, आईडीए, सिविल सोसायटी महेंद्रगढ़ तथा व्यापार मंडल महेंद्रगढ़ के संयुक्त आह्वान पर किया गया। प्रतिभागियों ने हाथों में मोमबत्तियां लेकर शांतिपूर्वक मार्च निकाला और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वाले छात्रों के समर्थन में आवाज बुलंद की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखने का अधिकार है और इस अधिकार का सम्मान किया जाना चाहिए।

आयोजकों ने स्पष्ट किया कि यह कैंडल मार्च किसी भी राजनीतिक दल के बैनर तले नहीं, बल्कि पूरी तरह सामाजिक स्तर पर आयोजित किया गया। मौके पर डॉ. मेजर सूरत सिंह (आईएमए), डॉ. नरेश यादव (नीमा), डॉ. तरुण यादव (नीमा), सुरेंद्र बंटी (व्यापार मंडल), डॉ. महेश यादव (आईएमए), डॉ. दिनेश कुमार (आईडीए), डॉ. योगेश वर्मा (आईडीए), डॉ. बीपी यादव (सिविल सोसायटी) सहित विभिन्न प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## दुकानदार को फर्जी भुगतान का झांसा देकर की ठगी

- आरोपित ने कंपनी का जीएसटी नंबर देकर उसी के नाम बिल बनाने को कहा और भुगतान कंपनी की ओर से बैंक खाते में करवाने का आश्वासन दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के नई मंडी क्षेत्र में एक दुकानदार को फर्जी भुगतान का झांसा देकर 38 हजार 520 रुपये मूल्य के बिजली के तार ठग लिए गए। मामले में शहर थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में नई मंडी राजीव चौक निवासी रामपाल गर्ग ने बताया कि वह अपने मकान के नीचे सैनिटरी फिटिंग और बिजली के सामान की दुकान चलाते हैं। बीते कल को दोपहर करीब 3:30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति उनकी दुकान पर आया। उसने खुद को अटेली स्थित नेशनल हाईवे प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का कर्मचारी बताया और चार एमएम के आरआरक्यू-1 तार के छह बंडल खरीदने की बात कही। इन तारों की कुल कीमत 38 हजार 520 रुपये थी। आरोपित ने कंपनी का जीएसटी नंबर देकर उसी के नाम बिल बनाने को कहा और भुगतान कंपनी की ओर से बैंक खाते में करवाने का आश्वासन दिया। उसने दुकानदार से बैंक खाते की जानकारी ली और मोबाइल पर भुगतान होने का मैसेज भी दिखाया। भुगतान की पुष्टि होने के विश्वास में सामान सौंप दिया। कुछ समय बाद जब उन्होंने अपने बैंक खाते की जांच की तो उसमें कोई राशि जमा नहीं हुई थी।

## लगातार तीसरे दिन बारिश से मौसम खुशगवार

**कनीना।** आषाढ़ मास के दूसरे पखवाड़े में लगातार तीसरे दिन बारिश होने से खरीफ फसल में फायदा हुआ है वहीं गर्मी से निजात मिलने के बाद मौसम खुशगवार हो गया है। बारिश होने से चिपचिपी गर्मी से बहुत हद तक छुटकारा मिला है। कुछ निचले स्थानों पर बरसाती पानी जमा होने के समाचार भी हैं। लेकिन किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। बृहस्पतिवार को जहां आठ एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई थी, वहीं शुक्रवार को शाम तक 15 एमएम बारिश दर्ज की गई। बारिश होने से बाजरा कपास, ग्वार सहित हरि सब्जियों में रौनक छा गई है।

कनीना खंड में इस बार बाजरे की सर्वाधिक बिजाई की गई है। खेडी के किसान मोती कुमार, रामबास के किसान सत्यवीर सिंह, सुभाष चंद्र, छितरौली के नरेंद्र सिंह, नांगल के रोशन लाल ने बताया कि दक्षिण हरियाणा में बाजरे की मुख्य फसल मानी जाती है।



**सम्मानित** | अकादमी से सम्मान पाने वाले नारनौल के पहले साहित्यकार

# साहित्य अकादमी ने रघुविन्द्र यादव को दिया लाला देशबंधु गुप्त सम्मान

- मुख्यमंत्री ने रोहतक में किया सम्मानित, प्रदान किए ढाई लाख रुपये नकद और आजीवन नि:शुल्क बस सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के नजदीक गांव नीरपुर निवासी वरिष्ठ साहित्यकार रघुविन्द्र यादव को हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी ने साहित्यिक पत्रकारिता के लिए 'लाला देशबंधु गुप्त सम्मान' से नवाजा है। रोहतक की दादा लख्मीचंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफोर्मिंग एंड विसुअल आर्ट्स में आयोजित समारोह में हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने उक्त सम्मान प्रदान किया। सम्मान के रूप में दो लाख पचास हजार रुपये, शाल, ताम्रपत्र और प्रशस्तिपत्र के साथ-साथ हरियाणा राज्य की बसों में आजीवन निशुल्क यात्रा पास प्रदान किए गए। नारनौल के किसी भी साहित्यकार को यह सम्मान पहली बार दिया गया है।

गौरतलब है कि रघुविन्द्र यादव देश के जाने माने दोहाकार हैं और विभिन्न विधाओं में लिखते हैं। अब तक उनके चार दोहा संग्रह, दो कुण्डलिया छंद संग्रह, दो लघुकथा संग्रह, एक कविता संग्रह और एक गजल संग्रह सहित सहित कुल 25 कृतियां प्रकाशित हो चुकी हैं। वे शोध और साहित्य की राष्ट्रीय पत्रिका 'बाबूजी का भारतमित्र' के 2012 से प्रकाशक और सम्पादक हैं। 'रघुविन्द्र के दोहों में सामाजिक सरोकार' विषय पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से शोध कार्य हो चुका है।

वहीं उनके दोहा साहित्य पर समीक्षात्मक कार्य भी हुआ है। 'रघुविन्द्र यादव के प्रतिनिधि दोहे' और 'रघुविन्द्र यादव के दोहा सृजन के विविध आयाम' कृतियां देश के वरिष्ठ दोहकारों श्री जय चक्रवर्ती और डॉ. शैलेष गुप्त 'वीर' के संपादन में प्रकाशित हो चुकी हैं। रघुविन्द्र यादव के दोहों का एक वीडियो 'बेटा कहता बाप से' सोशल मीडिया पर वर्षों के वायरल है और उसे अब तक यूट्यूब पर दो करोड़ 65 लाख से अधिक लोग देख-सुन चुके हैं।



नारनौल। रघुविंद्र यादव को लाला देशबंधु सम्मान प्रदान करते सीएम। फोटो : हरिभूमि

# पुरानी मंडी के सरकारी प्राइमरी स्कूल की जर्जर हालत पर पार्षद ने उठाए सवाल

- प्रशासन से तत्काल मरम्मत की मांग
- बोले- कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नगर परिषद के वार्ड-16 के पार्षद विशाल सैनी ने पुरानी मंडी स्थित सरकारी प्राइमरी स्कूल की जर्जर भवन स्थिति को लेकर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए है। उन्होंने कहा कि स्कूल भवन की हालत इतनी खराब हो चुकी है कि यहां पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है और समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

पार्षद विशाल सैनी ने बताया कि देश को आजाद हुए 78 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन आज भी कई सरकारी स्कूलों की स्थिति बेहद चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि पुरानी मंडी स्थित इस सरकारी स्कूल की दुर्दशा इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। स्कूल भवन के कई हिस्से जर्जर हो चुके हैं और बरसात के मौसम में खतरा और बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि स्कूल प्रबंधन के अनुसार इस संबंध में कई महीने पहले ही जिला उपायुक्त (डीसी), जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) तथा खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) सहित संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। विशाल सैनी ने कहा कि इस विद्यालय में बड़ी संख्या में छोटे बच्चे पढ़ते हैं, जिनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है।

उन्होंने याद दिलाया कि कुछ महीने पहले स्कूल की एक दीवार भी गिर गई थी। उस समय कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन यह घटना संभावित खतरे की गंभीर चेतावनी थी। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग से स्कूल भवन का तत्काल निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। साथ ही कहा कि बच्चों की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए और इस मामले में शीघ्र प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए।





नारनौल। पुरानी मंडी स्कूल की दीवार में आई दरार। फोटो : हरिभूमि

### क्या कहती हैं डीसी

इस संबंध में डीसी अनुपमा अंजली ने बताया कि जिस विभाग से जुड़ा यह मामला है, उनके संज्ञान में लाया गया है। जल्द ही समाधान होगा।

### क्या कहते हैं डीईओ

शिक्षा विभाग के डीईओ अशोक शर्मा ने बताया कि इस स्कूल के लिए दो लाख 75 हजार का एस्टीमेट भेजा हुआ है। मंजूरी के लिए दो बार रिमाइंडर भी भेजा चुका चुका है। दो कमरों को तुड़वाने के लिए परमिशन मांगी गई है। अब तीसरी बार ओर रिमाइंडर पत्र भेजा जाएगा।



## किंग की रिलीज अफवाहों पर विराम 24 दिसंबर को होगा बड़ा धमाका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान की मच अवेटेड फिल्म 'किंग' को लेकर चल रही रिलीज टलने की खबरों पर अब पूरी तरह विराम लगता नजर आ रहा है। कुछ समय पहले रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा था कि शाहरुख खान की चोट और दीपिका पादुकोण की प्रेग्नेंसी के चलते फिल्म की शूटिंग प्रभावित हो सकती है और यह क्रिसमस 2026 रिलीज के लिए समय पर तैयार नहीं हो पाएगी। मेकर्स फिल्म को तय समय पर रिलीज करने की तैयारी में जुटे हुए हैं और खबर है कि यह फिल्म 24 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार रहेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म का ज्यादातर काम पूरा हो चुका है और अब सिर्फ एक आखिरी इंटरनेशनल शेड्यूल बाकी बताया जा रहा है। मेकर्स फिलहाल इस अंतिम शूटिंग शेड्यूल के लिए लोकेशन को फाइनल करने में लगे हुए हैं।

लाइफ Style

# राखी

## स्वीटी के बाद अब बनीं चुड़ैल

एजेंसी ⏭ मुंबई

कई कलाकारों का कहना है कि कॉमेडी करना काफी मुश्किल काम है। हालांकि, हम पांच और देख भाई देख धारावाहिकों की अभिनेत्री राखी विजन अपने लिए कॉमेडी ही सबसे सहज मानती हैं। राखी इन दिनों सोनी सब पर प्रसारित होने वाले धारावाहिक 'चुड़ैल चली ससुराल' में कामिनी की भूमिका निभा रही हैं। अपने धारावाहिक और पात्र के बारे में राखी कहती हैं, इसमें मैं सीबीआई यानी कि चुड़ैल ब्लड ऑफ इंडिया की अध्यक्ष हूं।

मैंने बचपन में एक भोली भाली, मासूम लड़की स्वीटी की भूमिका निभाई थी। तब लोगों ने कहा था कि वाह क्या कमाल का काम किया है, तुम्हारे लिए तो यह एकदम परफेक्ट रोल है। अब उम्र के आधे पड़ाव पर चुड़ैल की भूमिका निभा रही हूं तो अब भी लोग कह रहे हैं कि कमाल का काम है, यह रोल तुम्हारे लिए परफेक्ट है। हमारा शो पूरी तरह हॉरर नहीं है, बल्कि इसमें कॉमेडी के साथ थोड़ा हॉरर है। अब अदृश्य शक्तियों में पूरी दुनिया विश्वास कर रही है तो मैं क्यों न रखूं। मेरा मानना है कि यह सब चीजें कहीं न कहीं होती हैं, तभी तो लोग ऐसी कहानियां बनाते हैं और दर्शक इन पर विश्वास भी करते हैं। व्यावहारिक तौर पर तो मैं स्वयं इन चीजों पर विश्वास नहीं करना चाहती हूं, लेकिन फिर वक्त आने पर इन पर भरोसा भी करने लगती हूं। टीवी हो या फिल्में लगातार कॉमेडी भूमिकाएं कर रहीं राखी का कहना है, 'मैं तो बचपन से कॉमेडी ही करती आ रही हूं। मेरे लिए रोना बहुत मुश्किल है। जब मैं रोती हूं तो मुझे देखकर निर्देशक बोलते हैं, चल झूठी। कितना बकवास कर रही है, तुम्हारी एक्टिंग दिख रही है, जबकि मेरे लिए कॉमेडी बहुत आसान है। मुझसे आसानी से रोया नहीं जाता है। इसके साथ ही मुझसे गरीब अबला नारी वाले रोल भी नहीं हो पाते हैं। मेरे पास ऐसे ऑफर ज्यादा आते भी नहीं हैं।'



हॉलीवुड मसाला



## कॉमिक कॉन में एबेनेजर का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्टर जॉनी डेप सिनेमा हॉल में अपनी धमाकेदार एंट्री के लिए तैयार हैं। उनकी आगामी फिल्म एबेनेजर का ट्रेलर मेकर्स द्वारा जारी कर दिया गया है। हाल ही में सैन डिएगो कॉमिक-कॉन में यह खबर जॉनी ने खुद अपने फैंस के साथ शेयर की। एक्टर जॉनी डेप एक लंबे ब्रेक के बाद फिर पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। फिल्म एबेनेजर में वह एबेनेजर स्क्रूज नाम के मुख्य किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में उनका किरदार काफी डार्क और अकेला रहेगा। फिल्म चार्ल्स डिकेंस की क्लासिक बुक 'अ क्रिसमस कैरल' पर आधारित है। मगर फिल्म में इसका ज्यादा डार्क वर्जन प्रस्तुत किया जाएगा। फिल्म एबेनेजर के ट्रेलर के अनुसार डेप के किरदार एबेनेजर स्क्रूज का सामना भूतों से होता है।



## सिनेमाघरों में री-रिलीज होंगी हैरी पॉटर की सभी फिल्में

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय सीरीज 'हैरी पॉटर' की फिल्मों को देखते हुए एक पूरी पीढ़ी बड़ी हुई है। इससे दर्शकों का अलग जुड़ाव है। पहली फिल्म 2001 में आई थी और इस बात को इस साल 25 वर्ष हो रहे हैं। फिल्म के सिल्वर जुबली वर्ष को खास बनाने के लिए 'हैरी पॉटर' की आठों फिल्मों को फिर से रिलीज किया जा रहा है। 'हैरी पॉटर' का जादू सिनेमाघरों में फिर लौटने वाला है। दर्शक एक बार फिर बड़े पर्दे पर इन फिल्मों का लुत्फ उठा सकेंगे। हैरी पॉटर की सभी आठ फिल्में फिर से रिलीज जो हो रही हैं। इस साल 27 अगस्त से 3 सितंबर तक ये फिल्में बड़े परदे पर आ रही हैं। 'हैरी पॉटर' के इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया गया है। इसके मुताबिक फिल्मों को वर्ल्डवाइड री-रिलीज किया जा रहा है। इसके लिए टिकट 31 जुलाई से मिलने लगेंगे। इन फिल्मों का फिर से रिलीज किया जाना दर्शकों के लिए एक खास पल होगा और वे फिर से पुरानी यादों में लौट सकेंगे। यह फिल्म कनाडा, अमेरिका व अन्य देशों के अलावा भारत में भी रिलीज होने जा रही हैं।



## मुझे भी दो बार देनी पड़ी थी नीट परीक्षा

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले के खिलाफ जारी स्टूडेंट्स के विरोध प्रदर्शन को अब एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर का भी सपोर्ट मिला है। उन्होंने इसे लेकर एक लंबा-चौड़ा पोस्ट अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर किया है। इस दौरान उन्होंने ये खुलासा भी किया कि वो खुद भी नीट पेपर लीक का दर्द झेल चुकी है और इसके चलते उन्हें दो बार परीक्षा देनी पड़ी थी। बता दें कि साल 2015 में भी नीट एग्जाम का पेपर लीक हो गया था। उस वक्त एक्ट्रेस ने इस मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम में दो बार हिस्सा लिया था। उन्होंने साफ़-साफ ये बात कही है कि इस अन्यायपूर्ण दुनिया में बराबरी लाने का एक मात्र जरिया एजुकेशन ही है। एक्ट्रेस ने अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट में लिखा, 'एजुकेशन इस अन्यायपूर्ण दुनिया में बराबरी लाने वाला सबसे बड़ा जरिया है। कभी भी हमारे संस्थानों को सुधार की मांग को नकारना नहीं चाहिए. संस्थानों के सुनने, सीखने और सुधार करने से लोकतंत्र मजबूत होता है।



## बेटी राहा को रामायण दिखाने के लिए एक्साइटेड

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। इस फिल्म में रणबीर ने राम का किरदार निभाया है। रणबीर इस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हैं ,क्योंकि इसमें ना तो वह सिर्फ राम और पुरुषोत्तम राम का किरदार निभा रहे हैं, बल्कि एक और वजह भी है। दरअसल, यह पहली फिल्म होगी जिसे उनकी बेटी राहा कपूर देखने वाली हैं। दरअसल, एक फैन ने रणबीर से बात करते हुए कहा कि वह इस फिल्म को बच्चे को दिखाएंगे क्योंकि इसमें भारतीय कल्चर को दिखाया जाएगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर फिर बोलते हैं, मैं भी काफी एक्साइटेड हूं अपनी बेटी को फिल्म दिखाने के लिए। यह उनकी पहली फिल्म होगी बड़े पर्दे पर। वहीं, हाल ही में खबर आई है कि रामायण का ट्रेलर लॉन्च पोस्टपोन हो गया है।

टीवी मसाला



## यादों की प्लेलिस्ट की थीम पर इंडियन आइडल 16 का ग्रैंड फिनाले कल

**नई दिल्ली।** टीवी का सबसे पॉपुलर और पसंदीदा रियलिटी शो 'इंडियन आइडल सीजन 16' अपने आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया है। 26 जुलाई को शो का ग्रैंड फिनाले होगा, जिसका थीम 'यादों की प्लेलिस्ट' रखा गया है। आखिरी दिन शो के 6 फाइनलिस्ट अपने परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीतेंगे और उस दिन पता चलेगा कि कौन इस सीजन का ट्रॉफी अपने नाम करेगा। कई लोग अपने फेवरेट कंटेस्टेंट के लिए वोट कर रहे है और उनके जीत की कामना कर रहे हैं। शो में विशाल ददलानी, श्रेया घोषाल और बादशाह जज के रूप में नजर आए और आदित्य नारायण ने हमेशा की तरह होस्टिंग की जिम्मेदारी संभाली। वहीं, इस सीजन के 6 फाइनलिस्ट में अंशिका चोंकर, ज्योतिर्मयी नायक, मनराज वीर सिंह, माइसम्मे बोसु, सुहैल सूफी और तनिष्क शुक्ला हैं। पूरे सीजन में उन्होंने अपने गानों से हर श्रोताओं को दीवाना बनाया और यहां तक अपना सफर तय किया। बता दें कि इस बार ग्रैंड फिनाले में श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ उषा उत्थुप, उदित नारायण, पापोन, कुमार सानू, शहनाज गिल और उर्मिला मातोंडकर भी खास मेहमान बनकर इस शाम को यादगार बनायेंगे और कई किस्से कहानियों से इसमें रंग भरेंगे। हालांकि विशाल ददलानी इसका इसका हिस्सा नहीं बनेंगे। फिर भी उन्होंने कंटेस्टेंट्स का हौसला बढ़ाया और कहा, 'इस सीजन को शानदार टैलेंट मिला है और मुझे खुशी है कि हमारे टॉप 6 फाइनलिस्ट अपनी मेहनत से यहां पहुंचे हैं।

### करण- तेजस्वी का अंडरवॉटर रोमांस


**नई दिल्ली।** करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक नया व्लॉग पोस्ट किया है। इस व्लॉग में करण कुंद्रा तेजस्वी प्रकाश को पानी के नीचे प्रपोज करते नजर आए। फैंस इस प्रपोजल को देख बोले कि ये दोनों एक दूसरे के लिए ही बने हैं।



करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश टीवी के सबसे क्यूट कपल माने जाते हैं। फैंस बेसब्री से इस कपल की शादी का इंतजार कर रहे हैं। अब करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक व्लॉग पोस्ट किया है। इस व्लॉग में करण कुंद्रा अपनी गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश को पानी के नीचे प्रपोज करते नजर आ रहे हैं। फैंस ने दोनों के इस प्रपोजल पर खूब प्यार लुटाया है। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश छुट्टियां मनाने मॉरिशस गए थे। इसका ट्रेवल ब्लॉग करण कुंद्रा ने अपने यूट्यूब पर शेयर किया है। मॉरिशस में करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश ने स्कूबा डाइविंग की। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश ने स्कूबा डाइविंग के दौरान पानी के नीचे की दुनिया का वीडियो अपने व्लॉग में शेयर किया। वीडियो में दिखाई पड़ता है कि तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा पहले तो हाथों से दिल बनाते हैं।

## सैयारा के बाद अहान की नई उड़ान, शारवरी भी आएंगी नजर

**नई दिल्ली।** ब्लॉकबस्टर फिल्म सैयारा की ऐतिहासिक सफलता के बाद बॉलीवुड के नए ओवरनाइट सेंसेशन अहान पांडे एक बार फिर पर्दे पर तहलका मचाने के लिए तैयार हैं। सैयारा के बाद वह अगली बड़ी फिल्म यशराज फिल्म्स के बैनर तले कर रहे हैं। अनटाइटल्ड फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर कर रहे हैं। फिल्म रोमांटिक-एक्शन ड्रामा की जिसकी रिलीज डेट लॉक कर दी गई है। फिल्ममेकर आदित्य चोपड़ा और निर्देशक अली अब्बास जफर ने इस अनटाइटल्ड फिल्म की थिएट्रीकल रिलीज डेट अगले साल के लिए लॉक की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म की रिलीज डेट 26 मार्च 2027 की तय की है। 26 मार्च को गुड फ्राइडे है। फिल्म में अहान पांडे के साथ शारवरी वाघ के रूप में नजर आएंगी। वहीं, दिग्गज एक्टर बॉबी देओल और अनुराग कश्यप की फिल्म निशांची से तारीफें बटोरने वाले ऐश्वर्य ठाकरे महत्वपूर्ण भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे विलेन का किरदार निभा रहे हैं, जहां अहान और उनके बीच एक जबरदस्त एक्शन फाइट सीक्वेंस देखने को मिलेगा। आपको बता दें कि यह फिल्म अहान पांडे और ऐश्वर्य ठाकरे , दोनों के कॅरियर की दूसरी फिल्म होगी। अहान ने सैयारा से जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी, जबकि शरवरी ने बंटी और बबली 2 से डेब्यू करने के बाद मुंज्या, महाराज, वेदा और अल्फा जैसी फिल्मों में अपनी पहचान बनाई।



गीता दत्त की नशीली आवाज में हुआ हमेशा - हमेशा के लिए अमर

## 72 साल पहले विदेश से चुराया गया था ये कल्ट गाना



नई दिल्ली। बॉलीवुड पर अक्सर गाने या उनकी धुनों को कॉपी करने का आरोप लगता रहा है। आर.डी. बर्मन से लेकर अनु मलिक तक कई बड़े संगीतकारों पर विदेशी धुनों को बिना क्रेडिट दिए कॉपी करने के आरोप लगे। इसके बाद पुराने गानों के रीमेक बनाने का ट्रेंड चला। कई बार ये नए ट्रेक्स पसंद भी किए गए, हालांकि कुछ लोगों को शिकायत रही कि इससे ओरिजिनलिटी खत्म हो रही है। आज आपको 1954 के एक ऐसे ही कल्ट गाने के बारे में बताएंगे जिसे क्यूबा के एक गाने से कॉपी किया गया था। हम बात कर रहे हैं फिल्म आर पार के गाने बाबूजी धीरे चलना की। इस गाने को गीता दत्त ने अपनी आवाज से सजाया था और मजरूह सुल्तानपुरी ने इसके बोल लिखे थे। इस गाने को क्यूबा के प्रसिद्ध गाने क्यूजस, क्यूजस, क्यूजस से कॉपी किया गया था। ओ पी नैय्यर ने इसे भारतीय संगीत में ढाला था। क्यूजस, क्यूजस, क्यू को 1947 में ओस्वाल्डो फैरेस ने कंपोज किया था। इस गाने को अभिनेत्री शकीला पर फिल्माया गया है। 'आर-पार'को गुरु दत्त ने डायरेक्ट किया था। ये एक क्लासिक रोमांटिक-कॉमेडी और क्राइम थ्रिलर फिल्म है। इसकी कहानी एक टैक्सी ड्राइवर कालू और उसकी प्रेमिका निक्की के इर्द-गिर्द घूमती है। जब ये गाना रिलीज हुआ तो इसकी लोकप्रियता इतनी थी कि हर गली-मोहल्ले में उस दौरान बस यही धुन सुनने को मिलती थी। शायद यही वजह रही कि रिलीज के बाद ये जबरदस्त हिट साबित हुआ। गीता दत्त ने अपनी नशीली आवाज में इसे हमेशा-हमेशा के लिए हिट बना दिया।

## वर्ल्ड लेवल खजाने की मालिक बनी धमाल 4 की मंडली



**नई दिल्ली।** अभिनेता अजय देवगन की लेटेस्ट फिल्म धमाल 4 की रिलीज को जल्द ही दूसरा सप्ताह पूरा हो जाएगा। इतना समय बीतने का बाद भी धमाल 4 कमाई के मामले में ना तो भारतीय बॉक्स ऑफिस पर हार मान रही है और ना ही वर्ल्ड लेवल पर इसका ग्राफ नीचे आ रहा है। जिस तरह से फिल्म धमाल 4 में दिखाया गया है कि कलाकारों की पूरी मंडली एक पुराने खजाने की तलाश में लगी हुई है, ठीक उसी तरह से दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर धमाल 4 पर जो नोटों की बारिश हो रही है, उससे कहीं न कहीं मेकर्स के हाथ खजाना लगा और वे मालामाल हो रहे हैं। अजय देवगन की इस कॉमेडी मूवी ने दूसरे बुधवार को पूरी दुनिया में करीब 4 करोड़ का कारोबार किया है। इसके साथ ही अब धमाल 4 का टोटल ग्लोबली कलेक्शन 183 करोड़ हो गया है। जबकि ओवरसीज के मामले में ये हिंदी फिल्म अब तक 23 करोड़ से अधिक का बिजनेस कर चुकी है। जिस तरह से फिलहाल धमाल 4 की कमाई वर्ल्ड लेवल पर चल रही है, उससे ये अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है कि जल्द ही ये मूवी ग्लोबली 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकती है। अगर ऐसा होता है तो धमाल 4 इस साल की एक और ऐसी बॉलीवुड फिल्म बन सकती है, जो वर्ल्डवाइड 200 करोड़ के कलेक्शन के क्लब में एंट्री लेगी। इससे पहले बॉर्डर 2, धुरंधर 2 और भूत बंगला ये कारनामा कर चुकी हैं।

### शोले से पहले मचाया था बवाल, 1974 में हुई थी रिलीज

# 65 हफ्तों तक थिएटर से नहीं उतरी थी मनोज कुमार की ये फिल्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर्स में शुमार मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी थीं। एक एक्टर के अलावा उन्होंने फैंस का दिल बतौर डायरेक्टर भी जीता था। 'भारत कुमार' के नाम से भी मशहूर हुए मनोज कुमार ने अपने कॅरियर में कई फिल्में बनाई थीं। उनकी एक फिल्म तो ऐसी भी रही है जो सिनेमाघरों से 65 हफ्तों तक नहीं उतरी थी।




### पाकिस्तान में हुआ था जन्म

मनोज कुमार जीवित का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में 24 जुलाई 1937 को हुआ था। मनोज कुमार का असली नाम हरिकृष्ण गोस्वामी था। हालांकि, फिल्मी दुनिया में आने के बाद उन्होंने अपना नाम बदल लिया था। यहां मनोज कुमार की जिस फिल्म की बात की जा रही है वो जीवन की तीन सबसे अहम और मूलभूत चीजों पर बेस्ड है। इस फिल्म का नाम है 'रोटी, कपड़ा और मकान'। ये फिल्म 'शोले' जैसी आइकॉनिक फिल्म से एक साल पहले यानी साल 1974 में रिलीज हुई थी और दर्शकों के दिलों में हमेशा-हमेशा के लिए समा गई थी।

### निभाई थीं कई जिम्मेदारियां

रोटी कपड़ा और मकान में मनोज कुमार के साथ अमिताभ बच्चन, शशि कपूर, मौसमी चटर्जी और जीनत अमान जैसे दिग्गज कलाकार भी नजर आए थे। गौरतलब है कि मनोज ने ना सिर्फ इसमें अहम किरदार निभाया था, बल्कि इसके डायरेक्शन की कमान भी संभाली थी, जबकि इसके प्रोड्यूसर भी वो ही थे और कहानी भी उन्होंने ही लिखी थी।

### थिएटर्स में चला जलवा

अलग-अलग मीडिया रिपोर्ट्स में इस 52 साल पुरानी फिल्म को लेकर दावा किया जाता रहा है कि ये फिल्म 65 हफ्तों तक थिएटर्स में अपना जादू बिखेरनेमे कामयाब रही थी और बहुत बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी. सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक़ 1.3 से 2 करोड़ रुपए के बीच के बजट में बनी 'रोटी कपड़ा और मकान' ने दुनियाभर में 10.4 करोड़ रुपए का कारोबार किया था। ये साल 1974 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्म भी बनी थी।

## खबर संक्षेप

### हकेंवि में अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा इंडियन सोशियोलॉजिकल सोसायटी आईएसएस के सहयोग तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद आईसीएसएसआर के प्रायोजन से समावेशी विकास, सामाजिक परिवर्तन एवं संस्थागत सुदृढ़ता विकसित भारत एट 2047 की दिशा में भारत की यात्रा विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ हुआ।

### व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का समापन

**महेंद्रगढ़।** जिला रोजगार कार्यालय की ओर से 20 से 24 जुलाई तक आयोजित पांच दिवसीय व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का समापन शुक्रवार राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बुडीन में हुआ। यह 20 जुलाई को राजकीय महाविद्यालय नारनौल से जिला रोजगार अधिकारी रणजीत सिंह रावत द्वारा शुरू किए गए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और आईटीआई के युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार सही करियर चुनने, कौशल विकास, स्वरोजगार की संभावनाओं और प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना जैसी योजनाओं के प्रति जागरूक करना रहा।

### डॉ. जयलाल यादव को मातृ शोक

**महेंद्रगढ़।** गांव नौताना निवासी पूर्व वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. जयलाल यादव की माता धनकोर देवी का शुक्रवार को 97 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव नौताना में किया गया। अंतिम संस्कार में गांव सहित आसपास के क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। धनकोर देवी अपने परिवार की मुखिया थीं। उनके परिवार में सबसे बड़े बेटे सूबेदार मेजर रामावतार खेतान, सूबेदार कृष्ण कुमार पीटीआई सहित पोते और प्रपौत्र समेत संयुक्त परिवार के करीब 35 सदस्य हैं। परिवार और क्षेत्र में शोक की लहर है।

# आज देवशयनी एकादशी: विष्णु भगवान चले जाएंगे योग निद्रा में, शादी चार माह के लिए बंद

**इस समय पर विवाह-शादी, सगाई, मुंडन, गृह प्रवेश आदि कार्य वर्जित माने गए हैं, हालांकि पूजा-पाठ, व्रत, अनुष्ठान और मंत्र जप कर सकते हैं**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महेंद्रगढ़

आषाढ़ मास की शुक्ल एकादशी को देवशयनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन से चातुर्मास आरंभ हो जाता है। इस दिन भगवान विष्णु चार महीनों के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं, यानी देव सो जाएंगे। इस एकादशी को पद्मनाभा एकादशी व हरिशयनी एकादशी भी कहा जाता है। यह माना जाता है कि इस दिन व्रत रखने और भगवान विष्णु की पूजा करने से सभी प्रकार के पापों से मुक्ति मिलती है। सुख-समृद्धि प्राप्त होती है और मोक्ष मिलता है।

### चातुर्मास में शंकर भगवान करते हैं सृष्टि का संचालन

भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि शास्त्रों के अनुसार सृष्टि का संचालन का कार्य भगवान विष्णु के हाथ में रहता है, परन्तु जब भगवान विष्णु योग निद्रा में होते हैं, तब सृष्टि का संचालन का कार्यभार भगवान शिव करते हैं। इसलिए चातुर्मास के दौरान भगवान शिव की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। इन चार महीने में ज्यादा से ज्यादा शंकर भगवान की आराधना करनी चाहिए। शिव पंचाक्षर ॐ नमः शिवाय, शिव पुराण, महामृत्युंजय मंत्रों का जाप करना चाहिए। इससे अक्षय फलों की प्राप्ति होती है।

### चार महीनों तक रहेगा चातुर्मास : राहुल भारद्वाज



ज्योतिषाचार्य पंडित राहुल भारद्वाज गढ़ी ने बताया कि शनिवार को देवशयनी एकादशी से चातुर्मास शुरू हो जाएगा। चार महीनों तक चतुर्मास रहेगा। भगवान विष्णु चार महीनों के लिए वैकुंड लोक छोड़कर राजा बलि के पास पाताल लोक में चले जाएंगे। कार्तिक मास की देवउठनी एकादशी को भगवान योग निद्रा से जाग जाते हैं। वापस माता लक्ष्मी के पास अपने लोक में वास करते हैं। उन्होंने बताया कि चातुर्मास के दौरान सभी शुभ मांगलिक कार्यों पर विराम रहेगा। इस समय पर विवाह-शादी, सगाई, मुंडन, गृह प्रवेश आदि कार्य वर्जित माने गए हैं। हालांकि पूजा-पाठ, व्रत, अनुष्ठान और मंत्र जप कर सकते हैं। इसमें कोई मनाही नहीं है। यह अवधि तपस्या, साधना और पूजा-पाठ के लिए समर्पित होती है। पंचांग अनुसार धर्म और ज्ञान के कारक देव गुरु बृहस्पति भी इस अपनी उच्च राशि कर्क में विराजमान रहेंगे। इस कारण इस अवधि में धार्मिक कार्यों, मंत्र जप और भक्ति, आराधना करना अत्यंत शुभ होगा। पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान विष्णु ने राजा बलि को दिए गए वरदान के चलते पाताल लोक में वास किया था। इसी कारण से यह अवधि उनके योग निद्रा के रूप में मनाई जाती है।

### यह है चातुर्मास का वैज्ञानिक महत्व

भारद्वाज ने बताया कि इन चार महीनों में ऋतु परिवर्तन भी होता है। ऋतु परिवर्तन होने और कीटाणु एवं विषाणु बढ़ जाने से भी व्रत, उपवास, नियम और दान का महत्व बढ़ जाता है। क्योंकि इसी ऋतु में गंभीर रोग होने की संभावना रहती है। देवशयनी एकादशी के बाद चार महीने तक सूर्य, चंद्रमा और प्रकृति का तेजस तत्व कम हो जाता है। यह चार महीने सेहत सुधारकर आयु बढ़ाने के माह भी होते हैं। यदि आप किसी भी प्रकार के रोग से ग्रस्त हैं तो आपको इन चार माह में व्रत और चातुर्मास के नियमों का पालन करना चाहिए।



मंडी अटेली। विजेता खिलाड़ियों के साथ स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

# हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर के खिलाड़ी छाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मंडी अटेली

हिंदुस्तान पब्लिक स्कूल सलीमपुर के खिलाड़ियों ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत और टीम दोनों वर्गों में शानदार प्रदर्शन कर कई पदक अपने नाम किए और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। व्यक्तिगत स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, हैमर थ्रो और हर्डल रेस में कई प्रथम स्थान हासिल किए। वहीं वॉकिंग रेस जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो और 400 मीटर हर्डल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान हासिल कर स्कूल का दबदबा कायम रखा। टीम खेलों में भी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-11 बॉयज कबड्डी टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता जबकि अंडर-17 बॉयज वॉलीबॉल टीम उपविजेता रही। रिले रेस की विभिन्न श्रेणियों में भी खिलाड़ियों ने द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए। इस उपलब्धि पर स्कूल चेयरमैन पूर्व सरपंच एवं जिला पार्षद प्रतिनिधि शमशेर यादव ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं स्कूल के प्रिंसिपल अनूप कुमार ने इसे पूरे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया। उन्होंने इस सफलता का श्रेय स्पोर्ट्स कोच पवन कुमार, सभी शिक्षकों के मार्गदर्शन और खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत को दिया। इस मौके पर निदेशक राकेश कुमार ने भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट परिणाम की उम्मीद है।

## पोर्टल बंद होने पर भवन निर्माण श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

# श्रम मंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, 13 सूत्रीय मांगें रखीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन हरियाणा (एआईयूटीयूसी) के बैनर तले शुक्रवार को निर्माण श्रमिकों ने लघु सचिवालय स्थित जिला उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इसके बाद यूनियन प्रतिनिधियों ने श्रम मंत्री के नाम संबोधित 13 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम अनिरुद्ध यादव को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला प्रधान सीताराम और जिला सचिव महावीर प्रसाद गोद ने किया।

ज्ञापन में कहा गया कि भवन निर्माण कारीगर मजदूर बेहद गरीब परिवारों से जुड़े हैं और भवन निर्माण कार्य ही उनकी आजीविका का एकमात्र साधन है। लंबे समय से श्रमिकों का पोर्टल बंद होने के कारण न तो नए श्रमिकों का पंजीकरण हो पा रहा है और न ही पंजीकृत मजदूरों को बोर्ड की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इससे हजारों श्रमिक आर्थिक और सामाजिक कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।




नारनौल। श्रम मंत्री के नाम एसडीएम अनिरुद्ध यादव को ज्ञापन सौंपते श्रमिक। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारी नियमित निरीक्षण करें : सीताराम

जिला प्रधान सीताराम ने कहा कि निर्माण स्थलों पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में मजदूरों की जान जा रही है। ऐसे में सरकार और प्रशासन को निर्माण स्थलों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए तथा संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण कराया जाना चाहिए, ताकि श्रमिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यूनियन ने मांग की कि बंद पड़े श्रमिक पोर्टल को तत्काल शुरू किया जाए, 90 दिन की वर्क स्लिप यूनियन को उपलब्ध कराई जाए तथा मजदूरों की मजदूरी हड़पने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके अलावा पात्र श्रमिकों की सत्यापन के दौरान काटी गई डायरी बहाल करने, नए श्रमिकों का पंजीकरण शुरू करने तथा आवश्यकता पड़ने पर लेबर कोर्ट में मैन्युअली कंप्यूटर के माध्यम से पंजीकरण की व्यवस्था करने की मांग भी उठाई गई।

### चारों लेबर कोड रद्द करने की मांग

ज्ञापन में चारों लेबर कोड रद्द करने, मनरेगा के तहत वर्ष में 200 दिन रोजगार और 800 रुपये प्रतिदिन मजदूरी देने, श्रमिकों को आवास योजना के तहत पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान करने तथा प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजनाओं के पात्र आवेदनों को शीघ्र स्वीकृत करने की मांग की गई। साथ ही स्मार्ट मीटर योजना पर रोक लगाने, हरियाणा सरकार द्वारा घोषित नई मजदूरी दरें लागू करने, 60 वर्ष की आयु पूरी करने पर श्रमिकों को बिना अनावश्यक शर्तों के वृद्धावस्था पेंशन देने तथा फैमिली आईडी आय संबंधी शर्तें हटाने और भ्रष्टाचार पर रोक लगाने की भी मांग रखी गई। इस अवसर पर एआईयूटीयूसी के जिला सचिव छाजूराम रावत, बंशीधर, अमित, धर्मेंद्र, यादराम सहित अनेक भवन निर्माण कारीगर मजदूर मौजूद रहे।



नारनौल। विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में बीकेएन सिहमा ने मारी बाजी

**नारनौल।** बाबा खेतानाथ स्कूल सिहमा के ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करके जिला स्तर की प्रतियोगिता में जगह बनाई है। बीकेएन स्कूल सिहमा की खो-खो टीम अंडर 17 लड़के वह लड़कियां दोनों ही ब्लॉक स्तर पर प्रथम रही है। वहीं अंडर 14 लड़के व लड़कियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं 3000 मीटर दौड़ में दिव्या ने प्रथम स्थान व खुशी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। यहां आपको बता दें कि सरकार के द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के लिए ब्लॉक स्तर पर (प्रथम चरण) खेल प्रतियोगिताएं हो रही है, जो अटेली ब्लॉक की प्रतियोगिता बाछौद में चल रही है। इसके बाद जिला स्तर की प्रतियोगिताएं होंगी। जिसमें बीकेएन सिहमा के खिलाड़ी भाग लेंगे। संस्था के चेयरमैन विजय सिंह ने सभी विजेता खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और पूरी लग्न से मेहनत करने के लिए अभिप्रेरित किया है। इस मौके पर सभी विजेता खिलाड़ियों का स्कूल पहुंचने पर सम्मान किया गया। इस मौके पर प्राचार्य राजेश, उपप्राचार्य जसवंत सिंह, राजकुमार, संदीप, सरोज मैडम, रीना, कृष्ण पीटीआई उपस्थित रहे।

### पौधों का संरक्षण करने वाले समाज में बीमारियां नहीं पनपती : राधेश्याम

**नांगल चौधरी।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प के साथ आर्य समाज कमेटी ने क्षेत्र के स्कूलों एवं गांवों में 500 पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का निर्णय लिया है। अभियान की शुरुआत सरस्वती पब्लिक स्कूल भोजावास से की गई, जहां समिति के सदस्यों, विद्यालय प्रबंधन और विद्यार्थियों ने मिलकर 15 छायादार एवं फलदार पौधे रोपे। साथ ही प्रत्येक पौधे की देखभाल की जिम्मेदारी विद्यार्थियों को सौंपी गई, ताकि उनमें प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संरक्षण की भावना विकसित हो। पौधरोपण अभियान की अगुवाई वेदप्रचार मंडल की जिला प्रभारी वंदना यादव ने की, जिसमें कमेटी नांगल चौधरी इकाई के प्रधान राधेश्याम महात्मा ने की। उन्होंने कहा कि पौधों का संरक्षण करने वाले समाज में बीमारियां नहीं पनपती। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उन्हें जीवित रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यदि हर छात्र एक पौधे को पेड़ बनने तक संभाले, तो आने वाले वर्षों में पूरा क्षेत्र हरियाली से भरपूर हो सकता है। कार्यक्रम में प्रचार मंडल के जिला प्रधान धर्मबीर आर्य, संस्था के चेयरमैन दयाराम यादव, दलीप थानेदार, बिरेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष कर्णसिंह, रामोतार समेत शिक्षक स्टॉफ मौजूद रहा है।



नांगल चौधरी। पौधरोपण करती आर्य समाज कमेटी। फोटो : हरिभूमि



कनीना। खुशी जाहिर करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### आरआरसीएम स्कूल के छात्रों ने खेल प्रतियोगिता में लहराया परचम

**कनीना।** आरआरसीएम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता में अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन कर विद्यालय और अपने अभिभावक का नाम रोशन किया है। विभिन्न खेल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए छात्रों ने कई शीर्ष स्थान हासिल किए, जिसमें खो-खो व-19 बालिका वर्ग प्रथम स्थान, खो-खो व-14 बालक वर्ग द्वितीय स्थान, कबड्डी व-19 बालक वर्ग प्रथमस्थान, 800 मीटर दौड़ अनुज प्रथम स्थान, 1600 मीटर दौड़ गरिमा द्वितीय स्थान, लॉन्ग जंप लंबीकूद रीता द्वितीय स्थान और रिले रेस व-19 बालिका वर्ग द्वितीय स्थान रहा। विद्यालय के प्रांगण में विजेता खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया गया। विद्यालय के चेयरमैन रोशन लाल और प्रधानाचार्य हरिप्रकाश शर्मा एवं प्रबंधन समिति ने सभी विजेता विद्यार्थियों तथा उनके खेल प्रशिक्षक मुकेश डीपीई, मुस्कान, समरपाल यादव और हरिओम तंवर को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### उनिंदा रेस्ट हाउस व स्वास्थ्य सुविधाओं की जेलदार ने की सराहना

**मंडी अटेली।** मार्केट कमेटी के चेयरमैन दिनेश जेलदार ने क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों के लिए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।




कनीना उप नागरिक अस्पताल में अत्याधुनिक सुविधाओं की शुरुआत से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिली है। अब मरीजों को इलाज के लिए बड़े शहरों या महंगे निजी अस्पतालों में नहीं जाना पड़ेगा। चेयरमैन ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार जनहित में कार्य कर रही है और स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा अटेली क्षेत्र में किए जा रहे विकास कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने विशेष रूप से उनिंदा गांव में प्रस्तावित अत्याधुनिक रेस्ट हाउस परियोजना का भी स्वागत किया।

## न्यूज डायरी



### श्रीकृष्णा स्कूल की बेटियों ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतिस्पर्धा में लहराया परचम

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस स्कूल में आयोजित चार दिवसीय खेल प्रतिस्पर्धा में श्रीकृष्णा स्कूल की छात्राओं ने ऐतिहासिक प्रदर्शन किया है। लड़कियों की खेल प्रतियोगिता में श्रीकृष्णा स्कूल की अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयुवर्ग की कबड्डी टीमों ने अपने शानदार खेल के दम पर ओवरऑल चैम्पियन इस शानदार जीत के बाद श्रीकृष्णा स्कूल परिसर में विजेता खिलाड़ियों के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया गया। खेल प्रशिक्षक महीपाल यादव और कबड्डी कोच उत्तम सिंह ने बताया कि चार दिवसीय खेल स्पर्धा में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित स्कूलों की टीमों ने भाग लिया था। लड़कियों के वर्ग में श्रीकृष्णा स्कूल की कबड्डी टीमों ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और तीनों आयुवर्ग अंडर-14, अंडर-17 व 19 में विपक्षी टीमों को धूल चटाते हुए ओवरऑल विजेता बनने का गौरव हासिल किया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चेयरमैन डॉ. बीरसिंह यादव उपस्थित रहे।




### खेल प्रतियोगिता में राव सुल्तान का शानदार प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस में आयोजित चार दिवसीय खंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता में राव सुल्तान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बेहड़ा की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर विद्यालय की 15 छात्राओं का चयन जिला स्तरीय टीम के लिए हुआ है। विद्यालय कोच कपिल एवं पीटीआई संजय ने बताया कि अंडर-11 वर्ग की 100 मीटर दौड़ में रितिक पुत्री ब्रह्मदेव खायरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी छात्रा ने लंबी कूद प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान हासिल किया। शॉटपुट प्रतियोगिता में तन्वी पुत्री संजय खातोद ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।अं डर-14 वर्ग की 100 मीटर दौड़ में बीना पुत्री सुरेंद्र खैरोली ने द्वितीय तथा नैना पुत्री नरेंद्र खैरोली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### कनीना अस्पताल को मिली नई पहचान: विजय सिंह

**मंडी अटेली।** ग्रीवेंस कमेटी सदस्य विजय उर्फ सोनू दौंगड़ा अहीर ने कनीना उप नागरिक अस्पताल में आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू होने पर स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव का आभार व्यक्तकिया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में लैप्रोस्कोपिक सर्जरी और अत्याधुनिक एनेस्थीसिया मशीन



की सुविधा शुरू होना ग्रामीण क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि इन सुविधाओं के शुरू होने से अब क्षेत्र के हजारों मरीजों को ईलाज के लिए बड़े शहरों या महंगे निजी अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। कनीना जैसे क्षेत्र में इस तरह की आधुनिक चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होना सरकार की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में कार्य कर रही है।

# युवाओं को धर्म के संस्कार देने से ही समाज व राष्ट्र सशक्त बनेगा: जैन मुनि महंत सागर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नारनौल

श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर नलापुर में शुक्रवार को धर्म सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान मुनि श्री 108 विभोर सागर महाराज, सानंद सागर महाराज, महंत सागर महाराज के प्रवचन दिए। जिन्हें सुनने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

मुनि श्री महंत सागर महाराज ने अपने मंगल प्रवचन में कहा युवाओं को धर्म के संस्कारों से जोड़कर ही समाज व राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। हम जैसे अपने बच्चों को स्कूल भेजते हैं उसी तरह जैन मंदिर भी प्रतिदिन भेंजे। परिवार का प्रत्येक सदस्य प्रतिदिन मन्दिर अवश्य जाए तथा धार्मिक आयोजनों मे श्रद्धांपूर्वक भाग लें। जीवन में जब भी कष्ट आए णमोकार महामंत्र का जाप प्रारंभ कर दें, विपदा जल्द दूर हो जाएगी और मन अशांत होने पर मेरी भावना पढ़े। मन को शान्ति मिलेगी। मनुष्य शिशु के रूप में जन्म लेकर बाल, युवा, वृद्ध होकर संसार से विदा होता है, हम जीवन में ऐसे कर्म करें, जिससे हमारे संसार से जाने के बाद लोग हमें याद करें।



नारनौल। प्रवचन देते महाराज। फोटो : हरिभूमि

### जीव का भी अपना मूल धर्म: मुनि विभोर

मुनि श्री विभोर सागर महाराज ने कहा कि धर्म को जो वास्तव में अपने जीवन में धारण करता है, वही सच्चा धार्मिक है। भगवान महावीर या अन्य तीर्थंकर कोई जन्मजात भगवान नहीं थे, वे पतित से पावन बने हैं। यदि वे अपनी आत्मा का कल्याण कर भगवान बन सकते हैं, तो चातुर्मास और पर्वों का सही लाभ उठाकर आप भी भगवान बन सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अग्नि का धर्म उष्णता है, पानी का धर्म शीतलता है और वायु का वेग है ठीक उसी प्रकार जीव (आत्मा) का भी अपना मूल धर्म है। अपने इस आत्म-धर्म को समझकर ही हम मंदिर आते हैं, अभिषेक, शांतिधारा, पूजन करते हैं, जिससे हमारे मस्तिष्क और विचारों में पवित्रता आती है।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जैन समाज प्रधान अजीत जैन, चातुर्मास कमेटी प्रधान संदीप जैन, पूर्व प्रधान भगवान दास जैन, प्रवक्ता सुरेंद्र जैन, कमलेश जैन, काकू जैन, कपिल जैन, मुकेश वालिया, गजेंद्र नंबरदार, गणेश सराफ, अमर सराफ, जगत सिंह यादव, मनोज जैन, सुमन जैन, सरला जैन, सोनू जैन, धर्मेंद्र जैन, कपिल जैन एवं अन्य श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

### अनाथ गोशाला में लगी दो गो सवामणी

**नारनौल।** श्री अनाथ गोशाला के प्रागंण में शुक्रवार हरी चरी की दो गो सवामणी का आयोजन किया गया। प्रथम सवामणी श्री अनाथ गोशाला सचिव खेमचन्द शर्मा ने अपने 51वें जन्मदिन पर सपरिवार गोसेवा कर लगाई। वहीं दूसरी सवामणी पवन शर्मा एडवोकेट ने गोसेवा में सवामणी का आयोजन किया। इस मौके पर सुरेन्द्र मुनीम, बिल्कुल फौजी, संगीता शर्मा, दर्श शर्मा, रिद्धि शर्मा आदि उपस्थित थे।

**Public Notice**

I Kesari w/o Sh. Jhabar R/o Village Nangal Dargu Tehsil Nangal Choudhary Distt. Mahendergarh Haryana. Have change my name from Kesari to Shyana Devi.

# एक मुद्दे पर प्रदर्शन के दौरान दो हिस्सों में बंटी दिखी कांग्रेस, राव दान सिंह ने किया किनारा

सतीश सैनी ▶▶| नारनौल

जंतर-मंतर पर युवाओं के ऊपर की गई लाठी चार्ज और नीट परीक्षा लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफा मांगने के लिए किए गए विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस दो हिस्सों में बंटती दिखी। यह नजारा कहीं और नहीं बल्कि हरियाणा के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के गृह जिला एवं उन्हीं की विधानसभा नारनौल में शुक्रवार को देखने को मिला। कांग्रेस के जिला संगठन ने भी राव दानसिंह के इस कार्यक्रम से दूरी बनाएं रखी। एक ही विषय को लेकर दो अलग अलग विरोध प्रदर्शन से अंदरूनी खिलाफत तो नजर आई। साथ ही इन दो प्रदर्शनों में भीड़ के हिसाब से शक्ति प्रदर्शन में राव दानसिंह संगठन से ज्यादा भीड़ जुटाकर भी नई चर्चाओं को जन्म दें गए।



नारनौल। राव दानसिंह की अगुवाई में प्रदर्शन में आए लोग फोटो : हरिभूमि

### 2 दिन पहले भी किया था कांग्रेस संगठन ने विरोध प्रदर्शन

महेंद्रगढ़ जिला कांग्रेस ने जिला कांग्रेस अध्यक्ष सत्यवीर झुकिया के नेतृत्व में 22 जुलाई को विरोध प्रदर्शन किया गया था। यह प्रदर्शन लघु सचिवालय परिसर में हुआ। यहां सीटीएम को मांग पत्र भी सौंपा गया। उस प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष के अलावा वरिष्ठ कांग्रेस नेता राव होशियार सिंह, डॉ राजवती यादव, तोताराम कोहली एडवोकेट, मंजीत यादव, नारनौल ब्लॉक अध्यक्ष मनपाल यादव, अटेली ब्लॉक अध्यक्ष सुमेर सिंह, सीहमा ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर यादव, निजामपुर ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार, नांगल चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष विक्रम यादव, महेंद्रगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष तेजपाल प्रजापति, नंदलाल, सुमित चौधरी सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

### संगठन का नहीं था यह विरोध प्रदर्शन : सत्यवीर

कांग्रेस जिला अध्यक्ष सत्यवीर झुकिया से इस संबंध में हरिभूमि ने बातचीत की। जिला अध्यक्ष का कहना था कि दो दिन पहले 22 जुलाई को कांग्रेस पार्टी संगठन की ओर से विरोध प्रदर्शन हो चुका है। उसमें पार्टी संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारी थे। यह विरोध प्रदर्शन कांग्रेस संगठन का नहीं बल्कि राव दानसिंह का निजी कार्यक्रम था।

### विरोध प्रदर्शन में भी दिखा शक्ति प्रदर्शन

महेंद्रगढ़ के पूर्व विधायक राव दानसिंह शुक्रवार सुबह 11 बजे चितवन वाटिका पहुंचे। कार्यकर्ताओं के साथ बेटा अक्षत राव, नारनौल से पूर्व जज राकेश यादव भी साथ दिखे। कुछ समय यहां वक्ताओं ने भाषणों में भाजपा विरोधी नीतियों और नीट परीक्षा लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांगा। इसके बाद राव दानसिंह की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ। राव दानसिंह ने कहा कि राहुल गांधी के साथ किया गया व्यवहार लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप नहीं था। पूर्व जज राकेश यादव ने पेपर लीक मामलों में शामिल सभी आरोपितों को बड़ी सजा देने, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देने और दोबारा इस तरह की पुनरावृति ना हो, इसके लिए सरकार को कदम उठाने की मांग की। महावीर चौक होते हुए महेंद्रगढ़ रोड से लघु सचिवालय पहुंचा। यहां एडीसी तरूण पावरिया को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस विरोध प्रदर्शन में दो अलग बात नजर आई। पहली पुलिस प्रशासन की ओर से बहुत अधिक पुलिस फोर्स तैनात की गई थी। दृश्य अलग ही नजर आ रहा था। दूसरी बात, संख्याबल की बात करें तो काफी भीड़ राव दानसिंह के इस विरोध प्रदर्शन में नजर आई।

## खबर संक्षेप

### छात्रों ने लिया जीरो-वेस्ट एंबेसडर बनने का संकल्प

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठतथा ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस क्लब जीसी4 के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छ हकेंवि सतत, हरित एवं प्लास्टिक मुक्त परिसर के लिए जीरो-वेस्ट एंबेसडर के रूप में विद्यार्थी विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 150 से अधिक विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए स्वच्छ, हरित और प्लास्टिक मुक्त परिसर के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### अटेली विस संगठन समीक्षा बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**कनीना।** बहुजन समाज पार्टी की अटेली विधानसभा स्तरीय संगठन की समीक्षा बैठक गांव अगिहार स्थित अम्बेडकर भवन में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रविन्द्र रामबास ने की। हरियाणा के केन्द्रीय प्रभारी सीपी सिंह तथा अति विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी एडवोकेट नेतराम व डॉ. महेन्द्र सिंह जाजोरिया शामिल हुए। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की मजबूती का मुख्य आधार बूथ स्तर का संगठन मजबूत बनाना है।

### नांगल काठा में आधुनिक पुस्तकालय का उद्घाटन

**नारनौल।** हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी ने शुक्रवार गांव नांगल काठा में नवस्थापित पुस्तकालय का विधिवत उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पुस्तकालय श्रेष्ठ, संस्कारित और प्रबुद्ध समाज के निर्माण की आधारशिला हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ने की संस्कृति से ही युवा अपनी प्रतिभा को निखारकर समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

### अधिवक्ताओं ने नए टीन शेड में किया हवन

**कनीना।** उपमंडल कनीना के न्यायालय परिसर में शुक्रवार का दिन अधिवक्ताओं के लिए बेहद खास रहा। यहां अधिवक्ताओं के बैठने और उनके कामकाज को सुगम बनाने के उद्देश्य से नवनिर्मित टीनशेड का विधिवत रूप से उद्घाटन किया गया। इस समारोह में हवन और शांति पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत, बार एसोसिएशन के प्रधान मंजीत सिंह, सहायक जिला न्यायवादी सतीश भानखुड़ सहित अन्य गणमान्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# खंड कार्यालय अटेली नांगल के शौचालय बदहाल, लोग परेशान

## पिछले कई महीनों से अत्यंत दयनीय बनी हालत, प्रशासन नहीं ले रहा सुध

हरिभूमि न्यूज मंडी ▶▶| अटेली

सिटी पल्स

खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय में शौचालयों की हालत पिछले कई महीनों से अत्यंत दयनीय बनी हुई है जिससे यहां आने वाले आमजन एवं कर्मचारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह कार्यालय अटेली तहसील परिसर के साथ ही स्थित है जिसके कारण दोनों स्थानों पर आने वाले लोग इन शौचालयों का ही उपयोग करते हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि शौचालयों में नियमित सफाई नहीं होने के कारण वहां लगातार गंदगी और बदबू बनी रहती है। हालात ऐसे हैं कि शौचालयों के पास खड़ा होना भी मुश्किल हो जाता है। कई बार लोगों को मजबूरन अन्य स्थानों की तलाश करनी पड़ती है जिससे विशेषकर महिलाओं और बुजुर्गों को अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कार्यालय में कार्य कराने आने वाले लोगों ने प्रशासन से कई बार इस समस्या के समाधान की मांग की है लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का आरोप है कि संबंधित विभाग इस ओर ध्यान नहीं दे रहा जिससे समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। स्थानीय नागरिकों और कर्मचारियों ने प्रशासन से मांग की है कि शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए और आवश्यक मरम्मत कार्य भी जल्द कराया जाए ताकि लोगों को स्वच्छ और बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उनका कहना है कि सरकारी कार्यालयों में इस तरह की अव्यवस्था न केवल असुविधा पैदा करती है बल्कि स्वच्छता अभियान के दावों पर भी सवाल खड़े करती है।



विरेंद्र अटाली।



तेजप्रकाश।



सचिन।

### यह बोले लोग

विरेन्द्र सिंह अटाली ने बताया कि शौचालयों की हालत लंबे समय से बेहद खराब बनी हुई है। विभाग को जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई सुधार नहीं किया गया। गंदगी और बदबू के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर महिलाओं और बुजुर्गों के लिए स्थिति और भी मुश्किल हो गई है। समाजसेवी तेजप्रकाश ने कहा कि तहसील परिसर में रोजाना बड़ी संख्या में महिलाएं और लड़कियां डोमिसाइल व अन्य प्रमाणपत्रों के कार्य के लिए आती हैं। ऐसे में शौचालयों की बदहाल स्थिति उनके लिए गंभीर समस्या बनी हुई है। गंदगी और बदबू के कारण उन्हें काफी असुविधा और परेशानी झेलनी पड़ती है। शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए और व्यवस्था में जल्द सुधार किया जाए।

### यह बोले अधिकारी

कार्यवाहक एसईपीओ विपिन अग्रवाल ने बताया कि उनके पास केवल एक सफाई कर्मचारी है और वह भी स्थायी नहीं है। ऐसे में नियमित रूप से सफाई व्यवस्था बनाए रखना संभव नहीं हो पाता। उन्होंने कहा कि खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय के साथ ही तहसील कार्यालय भी संचालित होता है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग आते हैं। यदि तहसील कार्यालय की ओर से भी सफाई कर्मचारी की व्यवस्था की जाए तो शौचालयों की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जा सकती है।

### गंदगी और बदबू से लोगों को सांस लेना हो रहा मुश्किल

युवा सचिन ने बताया कि शौचालयों की हालत अब बेहद चिंताजनक हो चुकी है लेकिन जिम्मेदार विभाग पूरी तरह लापरवाह बना हुआ है। गंदगी और तीखी बदबू के कारण लोगों को वहां जाना तो दूर पास खड़ा होना भी मुश्किल हो गया है। यह लापरवाही प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है। और तुरंत सुधार की जरूरत है।

## न्यूज डायरी

### कांटी में कपास दिवस पर किसानों को दी आधुनिक खेती की जानकारी



**मंडी अटेली।** गांव कांटी में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा कपास फसल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कपास दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कांटी सहित आसपास के क्षेत्रों से 200 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशेषज्ञ डॉ. मुनीश सुहाग द्वारा की गई, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच देवी सिंह उपस्थित रहे। इस मौके पर खण्ड कृषि अधिकारी अटेली ने किसानों को कपास फसल में लगने वाली गुलाबी सुंडी के प्रबंधन के बारे में विस्तार से जानकारी दी और इसके नियंत्रण के प्रभावी उपाय बताए। वहीं डॉ. देवेंद्र ने विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को जागरूक किया। डॉ. सोनिया ने गोबर गैस प्लांट लगाने के लिए किसानों को प्रेरित किया, जबकि डॉ. वीर कुमार एडीओ ने प्राकृतिक खेती के महत्व और उसके लाभों पर प्रकाश डाला। पशुपालन विभाग से डॉ. इन्द्राज ने पशुपालकों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा देवेंद्र यादव ने किसानों को विभागीय योजनाओं के ऑनलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई। कार्यक्रम में कृषि विभाग अटेली के आत्मा स्टाफ सुपरवाइजर और फील्डमैन भी मौजूद रहे।



### आरपीएस के छात्र लक्ष्य यादव बने फ्लाइंग ऑफिसर, किया सम्मान

**महेंद्रगढ़।** आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र लक्ष्य यादव (लावन) ने भारतीय सेना की प्रतिष्ठित चयन प्रक्रिया और एसएसबी इंटरव्यू सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर फ्लाइंग ऑफिसर बनने का गौरव हासिल किया है। लक्ष्य के पिता अशोक कुमार और माता आशा देवी हैं। इस उपलब्धि पर आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि लक्ष्य यादव की सफलता कड़ी मेहनत और सही मार्गदर्शन का परिणाम है तथा उसने विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। वहीं, सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि लक्ष्य की यह उपलब्धि उसके अनुशासन और समर्पण का प्रतीक है तथा यह पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी, डिप्टी सीईओ कुनाल राव, सीनियर विंग हेड देवेंद्र पूनिया सहित विद्यालय परिवार ने लक्ष्य, उनके परिजनों और शिक्षकों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# बलायचा स्कूल का एसडीएम ने किया निरीक्षण

- बच्चे देश का भविष्य, किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

एसडीएम योगेश सैनी ने शुक्रवार को गांव बलायचा स्थित राजकीय विद्यालय का औचक निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था और विद्यालय की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम विभिन्न कक्षाओं में पहुंचे और विद्यार्थियों से सीधा संवाद किया। उन्होंने बच्चों से उनकी पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं के बारे में जानकारी ली। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक एसडीएम योगेश सैनी से बात की और बताया कि वे आगामी परीक्षाओं की तैयारी पूरी लगन से कर रहे हैं और अच्छी शिक्षा प्राप्त कर देश का नाम रोशन करना चाहते हैं। बच्चों ने यह भी बताया कि विद्यालय के सभी शिक्षक उन्हें पूरी मेहनत और संवेदनशीलता के साथ पढ़ाते हैं। एसडीएम ने प्रधानाचार्य को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं, इसलिए उनकी शिक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यालय में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।



# इनेलो का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

- केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

परीक्षा प्रणाली को लेकर जारी विरोध प्रदर्शनों और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग के बीच शुक्रवार को इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) ने जिला मुख्यालय पर शुक्रवार प्रदर्शन किया। न्यायिक परिसर पार्क से मिनी सचिवालय तक मार्च निकाला और राष्ट्रपति के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर इनेलो नेशनल पार्लियामेंट्री बोर्ड के सदस्य एवं पूर्व विधायक राधेश्याम शर्मा ने कहा कि युवाओं का आंदोलन केवल किसी एक परीक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, भर्ती प्रक्रियाओं में निष्पक्षता और युवाओं के भविष्य से जुड़े व्यापक मुद्दों का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने केंद्र सरकार से शिक्षा व्यवस्था में विश्वास बहाल करने के लिए ठोस कदम उठाने और छात्रों की चिंताओं का समाधान करने की मांग की। वही हरियाणा में बढ़ती बेरोजगारी, भर्ती प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं तथा युवाओं के पलायन का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश का युवा रोजगार और पारदर्शी भर्ती की मांग कर रहा है तथा सरकार को इस दिशा में प्रभावी कदम उठाने चाहिए।इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष दीपक यादव ने भी अपने विचार सांझा किए। इस मौके पर इनेलो पार्टी के पदाधिकारियों समेत पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।



नारनौल। लघु सचिवालय पहुंचे इनेलो कार्यकर्ता।

# रागनी प्रतियोगिता में पीएम श्री गर्ल्स स्कूल रहा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सकेंडरी स्कूल में नांगल चौधरी में खंड स्तरीय कल्चरल फेस्ट का आयोजन प्राचार्य डॉ दिनेश कुमार व लोकेश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें जिला परियोजना अधिकारी दिलबाग सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने लोक संस्कृति, नृत्य, रागनी तथा नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी नारनौल दिलबाग सिंह मुख्य अतिथि रहे। प्रतियोगिता के शुभारंभ के बाद कक्षा छठीं से आठवीं तथा नौंवी से 12वीं वर्गों में आयोजित की गई। कक्षा नौंवी से 12वीं वर्ग की रागनी प्रतियोगिता में पीएम श्री गर्ल्स सीनियर सकेंडरी नांगल चौधरी ने प्रथम स्थान हासिल किया है। स्किट में मूसनोता ने पहला, धोलेड़ा ने दूसरा, पीएम श्री नांगल चौधरी ने तीसरा तथा पीएम श्री नायन ने चौथा स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस में धोलेड़ा प्रथम, पीएम श्री नांगल चौधरी द्वितीय तथा मुलोदी तृतीय रहा। ग्रुप डांस में धोलेड़ा प्रथम और पीएम श्री नांगल चौधरी द्वितीय स्थान पर रहा।




# युवा संसद में भी उठा पेपर लीक का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट महेंद्रगढ़ के मार्गदर्शन में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पटीकरा में खंड स्तरीय युवा सांसद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन राजनीति शास्त्र के प्रवक्ता अनिल कुमार के नेतृत्व में हुआ। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय के पूर्व प्रवक्ता भूपसिंह भारती ने शिरकत की। युवा संसद में प्रतिभागी बच्चों ने अपने जीवंत अभिनय से ज्वलंत और देशहित के विभिन्न मुद्दों को पक्ष और विपक्ष द्वारा रखा गया।

देशहित से जुड़े मुद्दे जैसे एथेनॉल 20, पेपर लीक, बच्चों का मानसिक स्वास्थ्य, कृत्रिम बुद्धिमता (ए आई) के उपयोग, पर्यावरण संरक्षण, महंगाई, देश की सुरक्षा, महिला स्वास्थ्य एवं सुरक्षा साइबर फ्रॉड से बचाव व समाज को जागरूक करने जैसे विभिन्न मुद्दों पर सार्थक बहस व वाद विवाद कर इसे रोचक बना दिया। युवा संसद प्रतियोगिता में सभापति की भूमिका छात्रा राशि, प्रधानमंत्री की भूमिका वंशिका, विपक्ष के नेता की भूमिका छात्रा अल्का ने निभाई। छात्र हर्ष गृहमंत्री, खुशबू रक्षा मंत्री, तनीषा महिला एवं बाल विकास मंत्री, सारिका वित्त मंत्री, ललित विदेश मंत्री, वंश स्वास्थ्य मंत्री, कसक सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा कनिका ने महासचिव की भूमिका निभाई।

### जनशक्ति विकास संगठन ने संतोष मेमोरियल में किया पौध रोपण

**नारनौल।** जनशक्ति विकास संगठन द्वारा संचालित हर बेटी–हरियाली अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को हुडा स्थित संतोष मेमोरियल पुनर्वास एवं अनुसंधान केंद्र परिसर में गुलमोहर का पौध लगाकर पर्यावरण संरक्षण एवं बेटी सम्मान का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जनशक्ति विकास संगठन के अध्यक्ष दीपक कुमार वशिष्ठ ने कहा, हर बेटी प्रकृति का अनमोल उपहार है। बेटी के जन्म पर एक पौध लगाना और उसका संरक्षण करना आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ा उपहार है। 'हर बेटी–हरियाली अभियान' केवल पौध रोपण नहीं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का जनआंदोलन है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
महेन्द्रगढ़ :- हरिभूमि कार्यालय, हुड्डा पार्क के सामने, डाक्टर भगत डेंटल अस्पताल वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, महेंद्रगढ़।
नारनौल :- सत्य प्लाजा, प्रथम तल, तरूण कलर लैब वाली गली, नजदीक बस स्टैंड, नारनौल
फोन : 8295738500, 9253681005

### खेलों में एमआर पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

**नारनौल।** शिक्षा विभाग के तत्वावधान में बाछौद में आयोजित चार दिवसीय खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का 20 से 23 जुलाई तक समापन किया। इस खेल मुकाबले में एमआर पब्लिक मित्रपुरा के खिलाड़ियों को बेहतर प्रदर्शन रहा। अंडर-19 लड़कों बालीवॉल टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। एथलेटिक्स में 100 मीटर रिले दौड़ मे अंडर-19 टीम में अंक्षित, पंकज, देवेश, महेश ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में अंडर-19 में अक्षित ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ में अंडर-14 आयु वर्ग नितिन ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंडर-19 200 मीटर आयुवर्ग में रितिक ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। अंडर-19 800 मीटर आयुवर्ग में पंकज ने ब्रोज मेडल प्राप्त किया।

## प्री-काउंसलिंग टीमें लाभार्थियों से साध रही संपर्क

# कल लगेगा अंत्योदय मेला, 19 योजनाओं का दिया जाएगा लाभ

- एडीसी तरुण पावरिया ने तैयारियों को लेकर ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना हरियाणा सरकार की बहुत ही महत्वपूर्ण पहल है। ऐसे में 26 जुलाई को नारनौल स्थित सभागार में नारनौल विधानसभा के लिए लगने वाले एक दिवसीय अंत्योदय मेले में प्रत्येक लाभार्थी पर फोकस किया जाए। ये निर्देश अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया ने शुक्रवार को लघु सचिवालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिए। मेले की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित बैठक के दौरान अतिरिक्त उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को बताया कि मेले तक लाने के लिए प्री-काउंसलिंग टीमें लगातार क्षेत्र में लाभार्थियों के साथ संपर्क साध रही हैं। प्रशासन का फोकस रहेगा कि कोई भी पात्र व्यक्ति इस अवसर से वंचित न रहे। बैठक में उपस्थित नारनौल विधानसभा क्षेत्र के नोडल अधिकारी एवं एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने कहा कि प्री-काउंसलिंग टीमों को भी निर्देशित किया कि वे लाभार्थियों को योजनाओं के लिए आवश्यक दस्तावेजों की सूची पहले से उपलब्ध कराएं, ताकि मेले के दिन लोगों को कागजी औपचारिकताओं के कारण किसी परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित शर्मा ने जानकारी दी कि सभी विभाग 26 जुलाई को 9 बजे से पहले सभागार में पहुंचकर अपने-अपने स्टॉल स्थापित कर लें ताकि मेले की शुरुआत से ही नागरिकों को त्वरित सहायता प्रदान की जा सके।



नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी तरुण कुमार पावरिया।

### इन प्रमुख विभागों की कल्याणकारी योजनाओं के पात्र होंगे लाभांवित

अंत्योदय मेले में प्रदेश सरकार के 19 प्रमुख विभाग अपनी-अपनी योजनाओं के साथ हिस्सा ले रहे हैं। इनमें पशुपालन व डेयरी विभाग द्वारा हाइटेक व मिनी डेयरी, भेड़-बकरी व कुक्कुट पालन योजनाएँ, हरियाणा डेयरी विकास प्रसंघ द्वारा वीटा बूथ आवंटन, महिला विकास निगम द्वारा मातृशक्ति उद्यमिता व नारी ई-रिक्शा योजना तथा बाल कल्याण परिषद द्वारा सिलाई, कढ़ाई, ब्यूटी केयर व कंप्यूटर प्रशिक्षण शामिल हैं। इसके अलावा अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग कल्याण निगम द्वारा स्वरोजगार व सावधि ऋण, कौशल विकास निगम द्वारा चालक व कौशल प्रशिक्षण, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम निदेशालय द्वारा प्रधानमंत्री रोज़गार सृजन कार्यक्रम, उद्यान विभाग द्वारा मधुमक्खी पालन व मशरूम खेती तथा मत्स्य पालन विभाग द्वारा मत्स्य सम्पदा योजना के तहत लाभ दिया जाएगा। साथ ही रोजगार विभाग, रेडक्रॉस, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी के कॉमन सर्विस सेंटर आदि के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।